कुल छपे प्रश्नों की संख्या 11
कुल छपे पृष्ठों की संख्या 8

M-1- (IX) हिन्दी –24000

नामांक

# वार्षिक परीक्षा सत्र - 2022-23

## विषय : हिन्दी

## कक्षा - IX ( नवमीं )

**समय : 3¼ घण्टे** | **पूर्णांक : 100**

**सामान्य निर्देश :**

**( 1 ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।**

**( 2 ) सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने प्रश्न पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यतः लिखें।**

**( 3 ) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

**( 4 ) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।**

**( 5 ) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दीए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

खुद को संतुष्टि देने के साथ ही विनम्रता और शिष्ट व्यवहार के और भी कई फायदे हैं, किन्तु फिर भी लोग विनम्रता का पालन नहीं करते। कठोर और असभ्य लोग थोड़े समय के लिए सफल हो सकते हैं, मगर ज्यादातार लोग ऐसे व्यवहार वालों से दूर रहना चाहते हैं और आखिरकार ऐसे लोग नापसंद किये जाते हैं। बच्चों को बचपन से ही विनम्र व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए ताकि बड़े होकर वे सभ्य, समझदार और दूसरों का ख्याल रखने वाले बन सके। एक बार विनम्र व्यवहार सीख लें, तो वह उम्र-भर साथ रहता है। ऐसी बातें बहुत छोटी और साधारण लगती हैं, लेकिन इंसान को बहुत दूरी तक ले जाती हैं। उदाहरण के लिए—'कृपया', 'शुक्रिया', 'धन्यवाद' और 'मुझे क्षमा कर दीजिए' जैसे चंद शब्द जादू का असर दिखाते हैं।

(i) लोग किसका पानल नहीं करते— 2

(अ) विनम्रता (ब) अविनम्रता

(स) संतुष्टि (द) व्यवहार

(ii) बच्चों को बचपन से ही किस प्रकार के व्यवहार की शिक्षा दी जानी चाहिए? 2

(अ) कठोर (ब) विनम्र

(स) असभ्यत (द) अशिष्ट

कृ.पृ.उ.

www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

(iii) कैसे श्शब्द जादू का सा असर दिखाते हैं ? 2

(अ) कृपया (ब) शुक्रिया

(स) धन्यवाद (द) उपर्युक्त सभी

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक चुनिए— 2

(अ) कठोर और असभ्य व्यवहार

(ब) विनम्र और शिष्ट व्यवहार

(स) साधारण व्यवहार

(द) अशिष्ट व्यवहार

(v) विनम्र में उपसर्ग बताइये— 2

(अ) नम्र (ब) वि

(स) विन् (द) म्र

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

इधर-उधर मत देख, नाव को लहरों में लेता चल माँझी।
डरता क्यों तू अगर व्योम में
उठता आता अंध बवंडर,
रुकता क्यों यदि रोम-रोम से
छूटता जाता कंपन थर, थर
तेरा बढ़ना देख आँधियाँ
पानी-पानी हो जाएँगी
भुज फैला कर हर संकट का, अभिनन्दन करता चल माँझी।
फँसने दे नैया भँवरो में
होने दे न क्रो का फेरा,
तुझे देखती सिन्धु-सुता



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

ले तट पर मोती की वनमाला,

बस तू कसकर फेंट कमर में, लहरों से लड़ता चल माँझी।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक है— 1½

(अ) नाव (ब) लहर

(स) बवण्डर (द) माँझी

(ii) मॉझी को बढ़ता देखकर कौन पानी-पानी हो गया। 1½

(अ) आदमी (ब) व्योग

(स) आँधियाँ (द) सिन्धु

(iii) मॉझी किसका अभिनन्दन करता है— 1½

(अ) भुजाओं का (ब) संकटों का

(स) नाव का (द) भॅवरों का

(iv) सिन्धु-सुता में समास है— ½

(अ) तत्पुरुष (ब) द्विगु

(स) बहुव्रीहि (द) द्वन्द्व

(v) 'आकाश' शब्द के लिए पद्यांश में क्या शब्द प्रयुक्त हुआ है— ½

(अ) नभ (ब) कंपन

(स) व्योम (द) नक्रो

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए— 10

(i) मोबाइल फोन का बढ़ता प्रचलन—

(अ) प्रस्तावना

(ब) मोबाइल फोन से लाभ



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

(स) मोबाइल के दुष्परिणाम

(द) उपसंहार

(ii) **वन बचाओ : सुख-समृद्धि लाओ–**

(अ) प्रस्तावना

(ब) वनों से लाभ

(स) वन-विनाश के दुष्परिणाम

(द) जंगलों की सुरक्षा के उपाय

(य) उपसंहार

(iii) **पर्यावरण - प्रदूषण : एक समस्या–**

(अ) प्रस्तावना

(ब) पर्यावरण प्रदूषण के प्रकार

(स) पर्यावरण-प्रदूषण के कुप्रभाव

(द) निवारण के उपाय

(य) उपसंहार

4. आपके पिताजी का स्थानान्तरण जयपुर हो गया है। अत: जयपुर के विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए आपको स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को इस आशय का प्रार्थना-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने मित्र को परीक्षा में प्रथम आने पर बधाई देते हुए एक पत्र लिखिए।

5. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) सवैये के रचयिता .............................. है। 1

(ii) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्द को .............. कहते हैं। 1



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

(iii) कबीर ने संसार को .................... के समान बताया। 1

(iv) बापू ने महादेवी वर्मा से .................... माँगा। 1

(v) लेखिका बेगम साहिबा के बेटे को .................... बाँधती थी। 1

(vi) कविता 'मेघ आए' में मेघ को .................... के समान बताया गया। 1

(vii) घर-घर मिट्टी पहुँचाने का काम .................... करती थी। 1

6. निम्नलिखित अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

(i) झूरी के दोनों बैलों के क्या नाम थे? 1

(ii) धीरे-धीरे हम किन्हें समर्पित होते जा रहे हैं? 1

(iii) प्रेमचन्द क्या कहलाते थे? 1

(iv) गुरुदेव ने लेखक के किस शब्द को पकड़ लिया था? 1

(v) मनुष्य ईश्वर को कहाँ-कहाँ खोजता है? 1

(vi) रसखान किस पर मुग्ध हैं? 1

(vii) चने पर किस रंग का फूल खिला हुआ है? 1

(viii) बच्चे किस समय काम पर जा रहे हैं? 1

(ix) उपसर्ग किसे कहते हैं? 'अति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए? 1

(x) विशेषण के कितने भेद होते हैं? 1

(xi) संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले शब्दों को क्या कहते हैं? 1

(xii) 'आँख' शब्द के पर्यायवाची लिखिए। 1

(xiii) अँधेरा, कड़वा, सत्य का विलोम शब्द लिखिए। 1

(xiv) 'आकाश-पाताल एक करना' मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग कीजिए। 2

(xv) 'प्रसाद-प्रासाद' निम्न युग्म शब्द का अर्थ बताइए। 2



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

7. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 6

उसी बीच आनंद भवन में बापू आए। हम लोग तब अपने जेब खर्च में से हमेशा एक-एक, दो-दो आने देश के लिए बचाते थे और जब बापू आते थे तो वह पैसा उन्हें दे देते थे। उस दिन जब बापू के पास गई तो अपना कटोरा भी लेती गई। मैंने निकालकर बापू को दिखाया। मैंने कहा, 'कविता सुनाने पर मुझको यह कटोरा मिला है।' कहने लगे, 'अच्छा दिखा तो मुझको।' मैंने कटोरा उनकी ओर बढ़ा दिया तो उसे हाथ में लेकर बोले, 'तू देती है इसे ?' अब मैं क्या कहती ? मैंने दे दिया और लौट आई। दुख यह हुआ कि कटोरा लेकर कहते, कविता क्या है ? पर कविता सुनाने को उन्होंने नहीं कहा।

**अथवा**

गुरुदेव ने बातचीत के सिलसिले में एक बार कहा, "अच्छा साहब, आश्रम के कौए क्या हो गए? उनकी आवाज़ सुनाई ही नहीं देती?" न तो मेरे साथी उन अध्यापक महाशय को यह खबर थी और न मुझे ही। बाद में मैंने लक्ष्य किया कि सचमुच कई दिनों से आश्रम में कौए नहीं दिख रहे हैं। मैंने तब तक कौओं को सर्वव्यापक पक्षी ही समझ रखा था। अचानक उस दिन मालुम हुआ कि ये भले आदमी भी कभी-कभी प्रवास को चले जाते हैं या चले जाने को बाध्य होते हैं।

8. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 6

बालू के साँपों से अंकित
गंगा की सतरंगी रेती
सुंदर लगती सरपत छाई
तट पर तरबूजों की खेती;
अँगुली की कंघी से बगुले
कलँगी सँवारते हैं कोई,



www.mseducationtv.com
Scanned with OKEN Scanner

तिरते जल में सुरखाब पुलिन पर

मगरौठी रहती सोई।

**अथवा**

या लकुटी अरु कामरिया पर राजतिहूँ पुरको तजि डारौं।

आठहुँ सिद्धि नवौ निधि के सुख नंद की गाइ चराइ बिसारौं॥

रसखान कबौं इन आँखिन सौं, ब्रज के बन बाग तड़ाग निहारौं।

कोटिक ए कलधौत के धाम करील के कुंजन ऊपर वारौं॥

9. निम्न में से किसी एक रचनाकार का जीवन परिचय लिखिए— 2

श्यामाचरण दुबे

**अथवा**

महादेवी वर्मा

10. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(i) लेखक लङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया? 3

(ii) 'सॉवले सपनों की याद' पाठ से क्या प्रेरणा मिलती है? 3

(iii) मूक प्राणी मनुष्य से कम संवेदनशील नहीं होते। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3

(iv) 'चन्द्रगहना से लौटती बेर' कविता में नगरीय एवं ग्रामीण संस्कृति में जो अंतर है उसे स्पष्ट कीजिए। 3

(v) 'जिधर भी पैर करके सोओ वही दक्षिण दिशा हो जाती है।' इस कथन का तात्पर्य क्या है? स्पष्ट कीजिए। 3

(vi) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है? 3

(vii) 'माटी वाली' पाठ में माटी वाली का मुख्य कार्य क्या था? 3



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner

11. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(i) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस प्रकार तैयारी करने लगे ? 4

**अथवा**

रीढ़ की हड्डी एकांकी में सामाजिक खोखलेपन पर निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ii) भारत में उपभोक्तावादं की संस्कृति का विकास किस तरह से हो रहा है। 4



www.mseducationtv.com

Scanned with OKEN Scanner